RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

ई-पाठशाला कार्यक्रम

Class 12th POLITY

लोकतांत्रिक व्यवस्था का संकट

RAPID REVISION



वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. 1974 में 'सम्पूर्ण क्रांति' का आह्वान किसने किया?

(RBSE 2023, RBSE 2025)

- अ मोरारजी देसाई
- ब जयप्रकाश नारायण
- स जॉर्ज फर्नांडिस
- द चारु मजूमदार

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

2. 1974 की रेल हड़ताल का नेतृत्व किसने किया?

(RBSE-2024)

अ राम मनोहर लोहिया

ब जयप्रकाश नारायण

स मोरारजी देसाई

द जॉर्ज फर्नांडिस

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

3. भारत में आपातकाल की घोषणा कब हुई?

(RBSE-2025)

फकीर



अ 22 जून 1974

ब 26 जून 1973


स 21 जून 1972

द 25 जून 1975

अनु. : → 352 → आधार → आंतरिक अशांति

राष्ट्रपति

FA



4. **12 जून 1975 को इंदिरा गाँधी का निर्वाचन किस न्यायालय ने अवैध घोषित किया?** (RBSE-2026)

अ बॉम्बे उच्च न्यायालय

ब दिल्ली उच्च न्यायालय

स इलाहाबाद उच्च न्यायालय

द गुवाहाटी उच्च न्यायालय

5. 1975 के संसद-मार्च का नेतृत्व किसने किया?

(Model Paper-2026)

अ राम मनोहर लोहिया

ब जयप्रकाश नारायण

स जॉर्ज फर्नांडिस

द चौधरी चरण सिंह

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

6. **25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा किस राष्ट्रपति ने की?** (Model Paper-2026)

अ फखरुद्दीन अली अहमद → F·A

ब वी. वी. गिरि

स नीलम संजीव रेड्डी

द जाकिर हुसैन



7. 1973 में तीन वरिष्ठ न्यायाधीशों की अनदेखी कर किसे भारत का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया? (Model Paper-2026)

अ न्यायमूर्ति जगमोहन लाल सिन्हा

ब न्यायमूर्ति ए.एन. रे

स राजनारायण

द जयप्रकाश नारायण


8. **इंदिरा गांधी के निर्वाचन को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका किसने दायर की थी?** (Model Paper-2026)

अ जयप्रकाश नारायण

ब राजनारायण

स मोरारजी देसाई

द जॉर्ज फर्नांडिस



9. आपातकाल लागू होने पर शक्तियों के बँटवारे का कौन-सा ढाँचा व्यावहारिक रूप से निष्प्रभावी हो जाता है?

अ न्यायिक ढाँचा

ब दलीय ढाँचा

स संघीय ढाँचा


द सामाजिक ढाँचा

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

10. 1977 के चुनाव से पहले विपक्षी दलों ने मिलकर किस नए दल का गठन किया?

1977




(अ) कांग्रेस फॉर डेमोक्रेसी

(ब) जनता पार्टी

(स) भारतीय लोकदल

(द) कांग्रेस (ओ)



रिक्त स्थान

1. 42 वां संविधान संशोधन द्वारा लोकसभा का कार्यकाल 5 से बढ़ाकर 6 वर्ष किया गया।

(RBSE-2025)

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

2. _____ मुकदमे में सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया था कि संविधान का एक बुनियादी ढाँचा है।

(Model Paper-2023)

केशवानंद
12.B, 1973 मामला। मूल ढांचे का सिद्धांत



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

3. अपराध करने की आशंका के आधार पर गिरफ्तारी की व्यवस्था को _____ कहा जाता है।



निवारक
नजरबंदी

4. कांग्रेस के कुछ नेताओं ने जगजीवन राम के नेतृत्व में _____ नाम की पार्टी बनाई।



कांग्रेस फॉर डेमोक्रेसी

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

1. आपातकाल संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत लागू किया गया? (RBSE-2023)

उत्तर– संविधान के अनुच्छेद 352 के अंतर्गत।

2. 1974 में चीज़ों की कीमतों में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई थी?

उत्तर- 30 प्रतिशत।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

3. जयप्रकाश नारायण ने बिहार छात्र आंदोलन का नेतृत्व स्वीकार करते समय क्या प्रमुख शर्त रखी थी?

उत्तर– जयप्रकाश नारायण ने शर्त रखी कि आंदोलन अहिंसक रहेगा और केवल बिहार तक सीमित नहीं रहेगा।


4. सरकार ने 1974 की रेल हड़ताल को किस प्रकार की हड़ताल घोषित किया?

उत्तर– अवैधानिक हड़ताल।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

mg missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

5. 12 जून 1975 का फैसला किस न्यायाधीश ने सुनाया था? → इंदिरा गांधी के निर्वाचन को अवैध



6. 25 जून 1975 को जयप्रकाश नारायण ने किस आंदोलन की घोषणा की?

उत्तर– राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह।

7. **आपातकाल के दौरान किन दो संगठनों पर प्रतिबंध लगाया गया?**

उत्तर– राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और जमात-ए-इस्लामी।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

8. गिरफ्तार राजनीतिक कार्यकर्ता अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने के लिए किस याचिका का सहारा नहीं ले सकते थे?

उत्तर– बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

9. 1977 के चुनाव में विपक्ष का प्रमुख नारा क्या था?

उत्तर– 'लोकतंत्र बचाओ'।



10. 1977 में भारत के प्रधानमंत्री कौन बने?

उत्तर– मोरारजी देसाई।



लघुत्तरात्मक प्रश्न

1. गुजरात छात्र आंदोलन के दो कारण बताइए।

(RBSE-2024,25)

उत्तर– प्रथम पंचवर्षीय योजना वर्ष 1951 में शुरू हुई।

1. आवश्यक वस्तुओं की महँगाई — गुजरात में खाद्यान्न, खाद्य तेल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही थीं।

2. भ्रष्टाचार — उच्च पदों पर जारी भ्रष्टाचार विद्यार्थियों के असंतोष का दूसरा प्रमुख कारण था।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

3. छात्र आंदोलन की शुरुआत — इन दोनों कारणों से जनवरी 1974 में गुजरात के छात्रों ने आंदोलन शुरू किया।

4. आंदोलन का विस्तार — बड़ी राजनीतिक पार्टियों के शामिल होने से आंदोलन ने विकराल रूप धारण कर लिया।

5. राजनीतिक परिणाम — गुजरात में राष्ट्रपति शासन लगाया गया और जून 1975 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस हार गई।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

2. आपातकाल के कोई दो सबक बताइए।

(RBSE-2024)

उत्तर–

1. लोकतंत्र की मजबूती — आपातकाल से स्पष्ट हुआ कि भारत से लोकतंत्र को समाप्त करना बहुत कठिन है।

2. लोकतांत्रिक व्यवस्था की बहाली — आपातकाल के बाद देश का कामकाज पुनः लोकतांत्रिक ढर्रे पर लौट आया।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

3. नागरिक अधिकारों के प्रति जागरूकता — आपातकाल के अनुभवों से नागरिक अपने अधिकारों के प्रति अधिक सचेत हुए।

4. न्यायपालिका की सक्रियता — आपातकाल के बाद न्यायपालिका नागरिक अधिकारों की रक्षा में अधिक सक्रिय हुई।

5. संवैधानिक सुधार — बाद में आंतरिक आपातकाल के प्रावधानों में सुधार किए गए और इसे सशस्त्र विद्रोह की स्थिति से जोड़ा गया।

3. 1974 में बिहार के छात्रों ने आन्दोलन क्यों किया? संक्षेप लिखिए।

(Model Paper-2024, Model Paper-2026)

उत्तर–

1. बढ़ती महँगाई — आवश्यक वस्तुओं की लगातार बढ़ती कीमतों से विद्यार्थियों और आम जनता में असंतोष था।

2. खाद्यान्न का अभाव — बिहार में खाद्यान्न की कमी आंदोलन का प्रमुख कारण थी।

3. बेरोज़गारी — बढ़ती हुई बेरोज़गारी से आर्थिक कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही थीं।

4. भ्रष्टाचार — छात्रों ने राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार का विरोध किया।

5. आंदोलन की शुरुआत — इन समस्याओं के विरुद्ध मार्च 1974 में बिहार के छात्रों ने आंदोलन शुरू किया।

4. प्रेस सेंसरशिप क्या है?

(Model Paper-2025)

उत्तर–

1. अर्थ — समाचारपत्रों में सामग्री प्रकाशित करने पर सरकार द्वारा लगाया गया नियंत्रण प्रेस सेंसरशिप कहलाता है।

2. प्रेस की स्वतंत्रता पर रोक — आपातकाल के दौरान सरकार ने प्रेस की आज़ादी पर प्रतिबंध लगा दिया।

3. पूर्व अनुमति — समाचारपत्रों के लिए कोई भी सामग्री प्रकाशित करने से पहले सरकारी अनुमति लेना आवश्यक कर दिया गया।

4. समाचारों पर नियंत्रण — इस व्यवस्था के माध्यम से सरकार ने समाचारपत्रों में प्रकाशित होने वाली सामग्री पर नियंत्रण स्थापित किया।

5. सेंसरशिप का विरोध — इंडियन एक्सप्रेस और स्टेट्समैन जैसे समाचारपत्रों ने इस व्यवस्था का विरोध किया।

5. 1971-72 के बाद देश की आर्थिक स्थिति में असंतोष बढ़ने के प्रमुख कारण बताइए।

उत्तर–

1. बांग्लादेश का संकट — लगभग 80 लाख लोगों के पूर्वी पाकिस्तान से भारत आने और उसके बाद हुए युद्ध से भारतीय अर्थव्यवस्था पर भारी बोझ पड़ा।

2. अमेरिकी सहायता बंद होना — पाकिस्तान से युद्ध के बाद अमेरिका ने भारत को हर तरह की सहायता देना बंद कर दिया।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

3. तेल की कीमतों में वृद्धि — अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें कई गुना बढ़ने से 1973 में 23 प्रतिशत और 1974 में 30 प्रतिशत मूल्यवृद्धि हुई।

4. बेरोज़गारी और वेतन संबंधी असंतोष - औद्योगिक विकास की दर कम थी, बेरोज़गारी बढ़ रही थी और सरकारी कर्मचारियों के वेतन रोकने से असंतोष फैल गया।

5. कृषि उत्पादन में गिरावट — वर्ष 1972-73 में मानसून असफल होने के कारण खाद्यान्न उत्पादन 8 प्रतिशत कम हो गया।

दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न

1. 1975 में आपातकाल से पहले हुए घटनाक्रम की विवेचना कीजिए। (Model Paper-2023)

उत्तर–

1. आर्थिक संकट और महँगाई — वर्ष 1971-72 के बाद देश की आर्थिक स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। बांग्लादेश संकट, तेल की बढ़ती कीमतों तथा बेरोज़गारी ने लोगों की कठिनाइयाँ बढ़ाईं। वर्ष 1973 में 23 प्रतिशत और 1974 में 30 प्रतिशत मूल्यवृद्धि हुई।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

2. गुजरात का छात्र आंदोलन — जनवरी 1974 में गुजरात के छात्रों ने खाद्यान्न, खाद्य तेल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन शुरू किया। आंदोलन के प्रभाव से गुजरात में राष्ट्रपति शासन लगाया गया।

3. बिहार का छात्र आंदोलन — मार्च 1974 में बिहार के छात्रों ने महँगाई, खाद्यान्न अभाव, बेरोज़गारी और भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन किया। छात्रों ने जयप्रकाश नारायण को इसका नेतृत्व करने के लिए आमंत्रित किया।

4. सम्पूर्ण क्रांति का आह्वान — जयप्रकाश नारायण ने सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्रों में 'सम्पूर्ण क्रांति' का आह्वान किया। उनका उद्देश्य 'सच्चे लोकतंत्र' की स्थापना करना था।

5. 1974 की रेल हड़ताल — जॉर्ज फर्नांडिस के नेतृत्व में मई 1974 में राष्ट्रव्यापी रेल हड़ताल हुई। सरकार ने इसे अवैधानिक घोषित कर कई नेताओं को गिरफ्तार किया और रेल लाइनों की सुरक्षा के लिए सेना तैनात की।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

6. सरकार और न्यायपालिका का संघर्ष — संसद की संशोधन शक्तियों और मौलिक अधिकारों को लेकर विवाद बढ़ा। केशवानंद भारती मामले तथा तीन वरिष्ठ न्यायाधीशों की अनदेखी करके ए.एन. रे को मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने से तनाव गहरा गया।

7. इलाहाबाद उच्च न्यायालय का फैसला — 12 जून 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इंदिरा गांधी का लोकसभा निर्वाचन अवैधानिक घोषित किया। इसके बाद विपक्ष ने उनके इस्तीफ़े की माँग तेज कर दी।

8. विपक्ष का प्रदर्शन और आपातकाल की घोषणा — 25 जून 1975 को जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल प्रदर्शन हुआ तथा राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह की घोषणा की गई। उसी दिन सरकार ने अनुच्छेद 352 के अंतर्गत आपातकाल लागू करने का निर्णय लिया।

2. नक्सलवादी आंदोलन क्या था?

(Model Paper-2025)

उत्तर–

1. मार्क्सवादी समूहों की सक्रियता — देश में आर्थिक और राजनीतिक असंतोष के दौर में कुछ मार्क्सवादी समूहों की सक्रियता बढ़ गई।

2. संसदीय राजनीति का विरोध — ये समूह संसदीय राजनीति में विश्वास नहीं रखते थे।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

3. राजनीतिक व्यवस्था को समाप्त करने का उद्देश्य — इनका प्रमुख लक्ष्य मौजूदा राजनीतिक प्रणाली को समाप्त करना था।

4. पूँजीवादी व्यवस्था का विरोध — ये समूह देश की पूँजीवादी व्यवस्था को खत्म करना चाहते थे।

5. हथियारों का प्रयोग — अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए इन समूहों ने हथियार उठाए।

6. राज्यविरोधी तकनीकें — आंदोलन में शामिल समूहों ने राज्यविरोधी तकनीकों का सहारा लिया।

7. आंदोलन की पहचान — ये समूह मार्क्सवादी-लेनिनवादी, माओवादी अथवा नक्सलवादी के नाम से जाने गए।

8. प्रमुख क्षेत्र और सरकारी कार्रवाई — ये समूह पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक सक्रिय थे। वहाँ की सरकार ने इन्हें दबाने के लिए कठोर कदम उठाए।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

3. 1975 में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा करते हुए सरकार ने इसके क्या कारण बताए थे?

(Model Paper-2025)

उत्तर–

भारत सरकार ने 25 जून 1975 को संविधान के अनुच्छेद 352 के अंतर्गत राष्ट्रीय आपातकाल लागू किया। सरकार ने देश में आंतरिक गड़बड़ी की आशंका और गंभीर राजनीतिक संकट को इसकी आवश्यकता का आधार बताया।

1. आंतरिक गड़बड़ी की आशंका — सरकार ने कहा कि देश में गड़बड़ी की आशंका उत्पन्न हो गई थी, इसलिए आपातकाल लागू करना आवश्यक था।

2. गंभीर राजनीतिक संकट — सरकार का निर्णय था कि देश में गंभीर संकट की स्थिति पैदा हो गई थी।

3. विपक्ष का बढ़ता विरोध — जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में विपक्षी दल लगातार इंदिरा गांधी के इस्तीफ़े की माँग कर रहे थे।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

4. विशाल राजनीतिक प्रदर्शन — विपक्षी दलों ने 25 जून 1975 को दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल प्रदर्शन आयोजित किया।

5. राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह की घोषणा — जयप्रकाश नारायण ने इंदिरा गांधी के इस्तीफ़े के लिए राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह का आह्वान किया।

6. सरकारी कर्मचारियों से आह्वान — जयप्रकाश नारायण ने सेना, पुलिस और सरकारी कर्मचारियों से सरकार के अनैतिक एवं अवैधानिक आदेशों का पालन न करने को कहा।

7. सरकारी कामकाज ठप्प होने की आशंका — इस आह्वान से सरकार को प्रशासनिक कामकाज रुकने का अंदेशा हुआ।

8. संवैधानिक आधार — सरकार ने इन परिस्थितियों में अनुच्छेद 352 का सहारा लिया, जिसके अंतर्गत बाहरी अथवा अंदरूनी गड़बड़ी की आशंका होने पर आपातकाल लगाया जा सकता था।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

3. 1980 में मध्यावधि चुनाव क्यों करवाने पड़े?

(Model Paper-2023)



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

1. जनता पार्टी में तालमेल का अभाव — वर्ष 1977 में बनी जनता पार्टी की सरकार में शुरुआत से ही नेताओं के बीच आपसी तालमेल की कमी थी।

2. प्रधानमंत्री पद की प्रतिस्पर्धा — चुनाव के बाद मोरारजी देसाई, चरण सिंह और जगजीवन राम के बीच प्रधानमंत्री पद के लिए होड़ मची।

3. सत्ता संघर्ष — मोरारजी देसाई के प्रधानमंत्री बनने के बाद भी पार्टी के भीतर सत्ता की खींचतान समाप्त नहीं हुई।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

4. साझे कार्यक्रम का अभाव — जनता पार्टी के आलोचकों के अनुसार पार्टी में स्पष्ट दिशा, नेतृत्व और साझा कार्यक्रम की कमी थी।

5. बहुमत का समाप्त होना — जनता पार्टी बिखर गई और मोरारजी देसाई की सरकार ने केवल 28 महीने में अपना बहुमत खो दिया।

6. चरण सिंह की सरकार — इसके बाद कांग्रेस के समर्थन से चरण सिंह के नेतृत्व में नई सरकार बनी।

7. कांग्रेस का समर्थन वापस लेना — कांग्रेस ने अपना समर्थन वापस लेने का फैसला किया, जिसके कारण चरण सिंह की सरकार केवल चार महीने तक सत्ता में रही।

8. मध्यावधि चुनाव — राजनीतिक अस्थिरता के कारण जनवरी 1980 में लोकसभा के नए चुनाव कराए गए। इन चुनावों में कांग्रेस ने 353 सीटें जीतकर सत्ता में वापसी की।